कार्यालय : नगर निगम मथुरा–वृन्दावन, मथुरा

पत्रांक - 125/सी.एस.सी./2023-24 दिनांक - 08-08-2023

अति - अल्पकालीन ऑफलाइन निविदा सूचना

नगर निगम मथुरा वृन्दावन के पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम मथुरा वृन्दावन क्षेत्र अंतर्गत इस वर्ष दिनांक 11.08.2023 से 09.09.2023 श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर्व हेतु 01 माह के लिए 70 सफाई श्रमिकों की आपूर्ति के लिए अति - अल्पकालीन सील बंद निविदा निम्नलिखित शिडयूल के अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र समाचार पत्र मे प्रकाशन होने के उपरांत दिनांक 09-08-2023 पूर्वाहन 11 बजे से दिनांक 10-08-2023 सांय 04 बजे तक नगर निगम मथुरा वृन्दावन के सिटी जोन कार्यालय जमा करा सकते है। प्राप्त निविदाये दिनांक 10-08-2023 को सांय 4:50 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र रिकॉर्ड कार्यालय से निर्धारित धनराशि जमा कर क्रय किये जा सकते है। जमानत राशि कोटक महिंद्रा बैंक मथुरा, खाता सं0 – 9846023433 आई0एफ0एस0सी0 कोड – KKBK005299 मे आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा कर रसीद की कॉपी निविदा प्रपत्र मे संलगन करनी होगी।

कार्य का नाम

क्र0 सं0	कार्य का नाम	संख्या	आगणन धनराशि	निविदा मूल्य रु0	जमानत की धनराशि	कार्य अवधि
01	दिनांक 11.08.2023 से 09.09.2023 श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर्व सफाई व्यवस्था हेतु 01 माह के लिए 70 सफाई श्रमिकों की आपूर्ति	70	रु0 451 (13 प्रतिशत EPF तथा 3.25 प्रतिशत ESIC प्रति श्रमिक प्रतिदिन)	600 रु0 18 प्रतिशत जीएसटी रु0 108 कुल 708 रु0	1,00,000=00	01 माह

नियम व शर्त –

1- चरित्र प्रमाण पत्र संलगन करना अनिवार्य होगा।

2- आयकर, व्यापार कर, EPF & ESIC प्रमाण पत्र संलगन करना अनिवार्य होगा।

3- प्रत्येक निविदादाता को रु0 100=00 के स्टाम्प पर कार्य का नाम अंकित करते हुए नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र संलगन करना अनिवार्य होगा।

4- निविदा दाता का पंजीकरण श्रम विभाग मे होना अनिवार्य है।

निविदा का द्वितीय भाग –

5- प्रथम भाग मे आवश्यक दस्तावेजो की अनुपस्थिति मे ऐसे फर्मो/निविदादाताओं की निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

6- अपूर्ण एवं सशर्त निविदाओ पर विचार नही किया जायेगा।

7- निविदाओ को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम मथुरा वृन्दावन मे निहित होगा।

8- यह कि चयनित निविदादाता को निविदा की शर्तो पर निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। जिसका व्यय सम्बन्धित निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा।

9- यह कि निविदादाता द्वारा समय-समय पर नगर निगम / शासन द्वारा निर्देशों एवं आदेशो का पालन करना अनिवार्य होगा तथा उनके आदेशानुसार कार्य करना होगा।

10- किसी भी विवाद की स्थिति मे नगर आयुक्त, नगर निगम मथुरा वृन्दावन का निर्णय अंतिम होगा, जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

11- निविदादाताओं का निविदा शुल्क वापिस नही किया जायेगा।

12- यह कि चयनित निविदादाता की जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही वापिस की जायेगी तथा शेष निविदादाताओ की जमानत धनराशि 01 माह के अंदर वापिस की जायेगी।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम मथुरा वृन्दावन

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1- मा0 महापौर महोदय, नगर निगम मथुरा वृन्दावन।

2- नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम मथुरा वृन्दावन।

3- आई0 टी0 एक्सपर्ट, नगर निगम मथुरा वृन्दावन को नगर निगम की वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु।

4- यूनिकॉम ऐड एजेंसी को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला, दैनिक जागरण मे प्रकाशित कराते हुए अंक की 02 प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

5- संपादक महोदय दैनिक राजपथ समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना को प्रकाशित कराते हुए अंक की 02 प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम मथुरा वृन्दावन